नवोदय (Navodaya)

दिनाँक (Dated): 20.06.2024	पृष्ठ सं० (Page No). 03	क्रम सं०(Serial No.) 10

बहुरूपिया : 24 वर्ष के युवक ने बनाया 67 साल के बुजुर्ग जैसा हुलिया

नई दिल्ली, 19 जून (नवोदय टाइम्स): नौकरी के लिए विदेश जाने को युवा इस कदर आतुर हैं कि कुछ भी करने को तैयार हो जा रहे हैं।

ऐसे ही एक 24 वर्षीय युवक गुरसेवक ने कनाडा जाने के लिए 67 साल के एक बुजुर्ग के नाम का फर्जी पासपोर्ट बनवाया। फिर अपने बाल और मूंछें सफेद रंग से रंगवा कर बूढ़ा बन गया। आईजीआई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचा तो एयरपोर्ट की सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ की इंटेलिजेंस की टीम ने उसके बिहेवियर डिटेक्शन के आधार पर इस फर्जीवाड़े की पोल खोल दी। इसके बाद गुरसेवक को पुलिस के हवाले कर दिया गया।

सीआईएसएफ के जनसंपर्क अधिकारी सह सहायक महानिरिक्षक अपूर्व पांडेय ने बताया कि एयरपोर्ट पर टर्मिनल-3 के चेक-इन क्षेत्र में एक यात्री को पूछताछ के लिए रोका गया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान 67 वर्षीय रशविंदर सिंह सहोता बताई। उसके पास जो पासपोर्ट मिला उसमें जन्म तिथि 10 फरवरी 1957 और पता जालंधर दर्ज था। वह एयर कनाडा की फ्लाइट से उड़ान भरने वाला था।

उसके पासपोर्ट की जांच करने पर पाया कि उसकी उम्र पासपोर्ट में दी गयी उम्र से काफी कम प्रतीत हो रही थी। उसकी आवाज और त्वचा भी किसी जवान व्यक्ति जैसी थी और उसकी उम्र पासपोर्ट में दिए गए विवरण से मेल नहीं खा रही थी। गहनता से देखने पर ज्ञात हुआ कि उसने अपने बाल और दाढ़ी को सफेद रंग से रंगा हुआ था और बूढ़ा दिखने के लिए चश्मा पहना था।

इन संदेहों के आधार पर उसे गहन तलाशी के लिए डिपार्चर एरिया में जांच हेतु ले जाया गया। उसके मोबाइल फोन की जांच के दौरान, एक अन्य पासपोर्ट की सॉफ्ट कॉपी मिली। उस पासपोर्ट पर 24 वर्ष के युवा गुरसेवक सिंह का नाम दर्ज था। पूछताछ में स्वीकार किया कि वह उसका असली पासपोर्ट है, जिस पर उसकी जन्म तिथि 10 जून 2000 और पता लखनऊ दर्ज है। जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि सीआईएसएफ कर्मियों की सतर्कता और सूझबूझ से यात्री को पकड़ा जा सका।